# कुलपति द्वारा वी.यू. के छात्रावासों का औचक निरीक्षण

जबलपुर। आज दिनांक 16.04.2019 को सुबह पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय परिसर स्थित सुभाष छात्रावास, विवेकानंद हॉस्टल व गर्ल्स हॉस्टल में औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के द्वौरान छात्र–छात्राओं के रहन–सहन, भोजन व्यवस्था आदि के बारे में विचार विमर्श किया, गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुये, शीतल पेयजल की व्यवस्था को दुरस्त की जाये इसके लिये कुलपति जी ने संबंधित अधिकारियों को तुरन्त निर्देशित किया कि छात्रों के हित एवं उनके स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये, ठंडा व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराई जावे। भ्रमण के दौरान छात्रावास की गैलरी, कमरों में स्वच्छता एवं छात्रावास के कामन हॉल में छात्रों के खेलकूद सामग्री को व्यवस्थित एवं आस–पास स्वच्छता हेतु आवश्यक निर्देश देते हुये आगाह किया कि सभी कार्य व्यवस्थित रूप से संपादित किये जावें। परिसर में स्थित वाहन स्टैण्ड को विस्तार करने को कहा, तथा छात्रावास व आस–पास के स्थान का भ्रमण कर पूरी कार्य योजना बनाने के भी निर्देश जारी किये, तथा छात्रावासों को पॉलीथिन मुक्त करने के भी निर्देश दिये।

भ्रमण एवं अवलोकन के दौरान टीम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. राजेश शर्मा, छात्रावास अधीक्षकः डॉ. एस.एन. शुक्ला, डॉ. आर.व्ही.सिंह, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. सरलीन तोमर, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. अर्पणा रैकवार एवं इंजी. ए.के. सिंह, कार्यपालन यंत्री भी उपस्थित थे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर